सार-समाचार

परस राम ढाका कांग्रेस छोड़ आरएलपी में शामिल, जालोर में प्रेसवार्ता की

जालोर. (कासं)। जालोर शहर के एक निजी होटल में गुरुवार को पंचायती राज चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पाटी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में रानीवाडा, सरनाऊ व जसवंतपुरा आरएलपी प्रभारी परस राम ढाका ने कांग्रेस छोडकर राष्टीय लोकतांत्रिक पार्टी का दामन थामने की घोषणा की। ढाका का कांग्रेस से पुराना राजनीतिक जुडाव रहा है। वे वर्ष 2004 से 2010 तक यूथ कांग्रेस के जालौर जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस संगठन में सक्रियता से कार्य किया। ढाका ने रानीवाडा विधायक रतन देवासी पर परेशान होकर कांग्रेस छोडने को आरोप लगाया कांठोस पार्टी तो अच्छी है लेकिन पार्टी के अन्दर कुछ नेता अच्छे नही है। उन्होंने कांग्रेस की कार्यशैली पर भी विवादित बयान दिया उन्होनें कहा कि पार्टी ने मुझे जिम्मेदारी दी उपसपर मै खरा उतरुगा तथा आगामी पंचायतीराज चुनाव में इसका फायदा आपको देखने को मिलेगा। ढाका ने कांग्रेस पर कई सवाल उठाते हुए अपने राजनीतिक निर्णय के कारणों को मीडिया के सामने रखा। वहीं पंचायती राज चुनाव को लेकर आगामी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। प्रेसवार्ता में रानीवाडा, सरनाऊ व जसवंतपुरा आरएलपी प्रभारी परस राम ढाका, जालोर प्रभारी किरता राम चौधरी, भादरूणा (झाब) प्रभारी विरमा राम सियोल तथा जालोर जिला सह प्रभारी बाबूलाल सारण ने भी अपनी बात रखी।

एटीएम से छेड़छाड़ कर 1.67 लाख की चपत लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पोकरण, (नि.सं.)। एटीएम से छेड़छाड़ कर 1.67 लाख रुपये निकालकर बैंक को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस थाना पोकरण ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी अमजद खान (32) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2024 को एसबीआई पोकरण के शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। आठ खाताधारकों के खातों से एटीएम के माध्यम से राशि निकाली गई, लेकिन खातों से राशि डेबिट नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी सहयोग से आरोपी को ठेकड़ा, थाना खैरथल, जिला खैरथल-अलवर से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। न्यायालय से आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। मामले में विस्तृत अनुसंधान जारी है। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्रसिंह राठौड़, वृताधिकारी कैलाश कंवर राठौड़ के सुपरविजन तथा थानाधिकारी मनीष सोनी के नेतृत्व में की गई। टीम में मोहनलाल, बुधाराम, महेन्द्र कुमार व प्रदीप जोशी शामिल रहे।

अनिरूद्ध की मृत्यु मामले में आक्रोश

जैसलमेर, (नि.सं.)। मोहनगढ़ में पुलिसकर्मी अनिरुद्ध सिंह के आत्महत्या मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन एवं ग्रामीण पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठे हैं। मांग के समर्थन में दोपहर तक मोहनगढ़ कस्बे का बाजार भी बंद रहा। धरना स्थल पर जिले के कई जनप्रतिनिधि पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व विधायक रूपाराम धनदे, छुग सिंह सोढ़ा, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी सहित अन्य नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस एवं परिजनों के बीच मामले को लेकर वार्ता भी हुई, लेकिन वार्ता विफल रही। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। धरना स्थल पर पुलिस प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

जैसलमेर में 15 पार्षदों ने पेयजल मांगा

जैसलमेर, (नि.सं.)। शहर में पेयजल समस्या को लेकर नवनिर्वाचित 15 पार्षदों ने जलदाय विभाग के अधिकारी से मुलाकात कर नियमित जलापूर्ति की मांग की। इधर, एक 70 वर्षीय नागरिक ने फरवरी 2026 से मुख्यमंत्री सहायता प्रकोष्ठ 181 पर दर्ज कराई जा रही शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार क्षेत्र में 5 से 7 दिन के अंतराल से जलापूर्ति हो रही है तथा कई बार रात 10 बजे बाद पानी आने से पाइप लगाने में परेशानी होती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हाल में 181 से फोन पर जानकारी दी गई कि कनिष्ठ अभियंता से बातचीत हो चुकी है और समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि शिकायत का निस्तारण वास्तविक समाधान की पुष्टि के बाद ही किया जाना चाहिए। उन्होंने 181 से पेयजल शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी शामिल करने की मांग की।

मकवाना ने कांग्रेसजनों से चर्चा की

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सह-प्रभारी ऋत्विक मकवाना ने गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी जालोर के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों की बैठक प्रातः 11 बजे राजीव गांधी भवन जालोर में ली। बैठक में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मकवाना ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आगामी चुनावों को लेकर प्रभावी रणनीति के साथ तैयारियों में जुटने का आहवान किया। बैठक के दौरान स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत स्थिति में लाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी एकजुटता एवं मजबूती के साथ जनता के बीच जाएं और कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएं।

पंचायत समिति के चुनावों की तैयारी शुरू

जोधपुर,(कासं)। जोधपुर जिले में पंचायत समिति के चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पहले चरण के चुनावों को लेकर गुरुवार को अधिसूचना जारी हो गई है, इसके साथ ही आज से नामांकन भी शुरू हो गए है। पहले चरण के चुनाव 22 और 24 अक्टूबर को होंगे। वहीं दूसरे चरण के 28 और 30 अक्टूबर को होंगे। पहले चरण में जोधपुर जिले की 6 और दूसरे चरण में 17 पंचायत समिति के चुनाव होंगे। पंचायत चुनाव में मतदाताओं को दो दिन वोट डालने होंगे। पहले वे जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग करेंगे। दूसरी बार में पंच, सरपंच के लिए वोट डालने होंगे। पहले चरण में शेरगढ़, चाबा, आगोलाई, चामू, सेखाला और बालेसर के जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के साथ पंच/सरपंच के चुनाव होंगे। वहीं दूसरे चरण में ओसियां, सामराऊ, तिंवरी, उम्मेदनगर, बावड़ी, हतुंडी, भोपालगढ़, आसोप, पीपाड़ सिटी, सालावा खुर्द, मंडोर, लूणी, धवा, बिलाड़ा, कापरड़ा, केरू और झंवर जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के साथ पंच/सरपंच के चुनाव होंगे।

वायुसेना दिवस पर एयर शो आयोजित

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर एयरबेस पर वायुसेना दिवस पर गुरुवार को एयर शो का आयोजन किया गया। इसमें सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के 9 हॉक एमके-132 विमानों और सारंग टीम के 5 एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव ने आसमान में करतब दिखाए। करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरते हुए सूर्यकिरण के विमानों ने केसरिया, सफेद और हरे रंग के धुएं से तिरंगा फॉर्मेशन बनाई। विमानों ने आसमान में डीएनए फॉर्मेशन और हार्ट शेप (दिल की आकृति) भी उकेरी। इन विमानों ने वर्टिकल क्लाइंब, इन्वर्टेड क्रॉसओवर बैरल रोल जैसी कई फॉर्मेशन बनाकर लोगों का ध्यान खींचा। वहीं, सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम के ध्रुव ने एक साथ हवा में थ्रिलिंग मूव्स और क्रॉसओवर दिखाए। इन्होंने मेहरानगढ़ फोर्ट के ऊपर से गुजरते हुए अलग-अलग फॉर्मेशन बनाई। जोधपुर में चल रहे 'तरंग शक्ति' युद्धाभ्यास में शामिल भारत समेत अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, श्रीलंका, बांग्लादेश और जर्मनी की एयरफोर्स के जवान भी एयर शो देखने पहुंचे।

चुनाव के लिए कांग्रेस की बैठक आज

सायला, (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का शुक्रवार को प्रात : 11 बजे राजपूत छात्रावास में पुलिस थाने के सामने आयोजित की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत ने बताया कि जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर की उपस्थिति में आयोजित होने वाली बैठक में जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य के उम्मीदवारों के आवेदन लिए जायेगे। साथ ही पंचायतीराज चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

जालोर में सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़क, पानी व रोडलाइट के मुद्दों पर हंगामा

- जालोर नगर परिषद सभागार में बैठक के दौरान कई मुद्दों पर सवाल-जवाब का दौर चला।
- सभापति ने पार्षदों को शहर की समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया
- सड़क, सफाई, सीवरेज, रोड लाइट, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं चर्चा में रही

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के नगर परिषद सभागार में गुरुवार को नगर परिषद की पहली बैठक सभापति बशीलाल सोलंकी की अध्यक्षता में हुई। मूलभूत सुविधाओं से जुडे मुद्दे प्रमुखता से उठे। सीवरेज, सफाई व्यवस्था, रोड लाइट, सड़क निर्माण, बिजली-पानी और नालियों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर पार्षदों ने सवाल उठाए और अधिकारियों से जवाब मांगे। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर सवाल-जवाब का दौर चला। वहीं सभापति ने पार्षदों को शहर की समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

पार्षद बसंत सुथार ने शहर की सीवरेज व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में सीवरेज व्यवस्था के लिए करीब 25 करोड रुपए की राशि स्वीकृत होने की बात सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद कई क्षेत्रों में समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता अब जानना चाहती है कि सीवरेज के लिए स्वीकृत राशि कहां और किस कार्य में खर्च हुई, कितना काम पूरा हुआ तथा शेष कार्य कब तक पूरा होगा।

सुथार ने कहा कि शहर के कई हिस्सों में सीवरेज की समस्या गंभीर है। साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था के लिए शहर में दो जोन बनाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह लडखडा गई है। उन्होंने लंबित कार्यो की समीक्षा कर व्यवस्था में सुधार की मांग की।

नगर परिषद आयुक्त ने सीवरेज को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जालोर शहर में सीवरेज का कार्य नगर परिषद द्वारा सीधे नहीं किया जा रहा है, बल्कि इसके लिए अलग कंपनी कार्य कर रही है। संबंधित कंपनी स्वीकृत कार्य के तहत अपने स्तर पर काम कर रही है। आयुक्त ने कहा कि सीवरेज कार्य में होने वाली कमियों या देरी के लिए सीधे नगर परिषद पर आरोप लगाना उचित नहीं है। सीवरेज कार्य की प्रक्रिया और जिम्मेदारियां अलग हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय किया जा रहा है तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए कंपनी को निर्देश दिए जाएंगे।

आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को लेकर बताया कि वार्ड संख्या 1 से 6 तक संविदा पर सफाई का कार्य दिया गया है।

पार्षद जय सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और शहर के विकास के लिए धन की कमी नहीं है। ऐसे में पार्षदों को आपसी आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए शहर के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए।

पार्षद दिनेश महावर ने कहा कि सभी पार्षद मिलकर जालोर को आदर्श शहर बनाने की दिशा में काम करें। सीवरेज, सडक, सफाई, जल निकासी सहित आमजन से जुडी समस्याओं का स्थायी समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर शहरहित में काम करना चाहिए।

श्रीकांत भूतडा ने कहा कि शहर के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभापति को सभी वार्डो को समान प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य करवाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड की अपनी समस्याएं हैं। सडक, सफाई, सीवरेज, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य जरूरत के अनुसार सभी क्षेत्रों में करवाए जाने चाहिए। शहर का समग्र एवं संतुलित विकास ही सभी जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। पार्षद हुकमीचंद ने भी अपने वार्ड में सीवरेज सहित नाले की समस्या का उठाया

पार्षद कैलाश माहेश्वरी ने लाल भाखरी क्षेत्र में रोड लाइट लगाने और सडक निर्माण करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी होती है। सडक की स्थिति में भी सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने नगर परिषद से क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लेकर जल्द आवश्यक कार्य करवाने की मांग की।

पार्षद नरेश राणा ने अपने वार्ड में रोड लाइट की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि वार्ड में पर्याप्त रोड लाइट नहीं होने के कारण रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। क्षेत्र में काफी झाडियां होने के कारण रात्रि में मजदूरी करने वाले लोगों सहित आमजन को आवागमन में दिक्कत होती है। उन्होंने रोड लाइट लगाने और झाडियों की सफाई करवाने की मांग की।

पार्षद संतोष चौधरी ने भी बैठक में रोड लाइट और सीवरेज से जुडी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान जरूरी है।

वार्ड न सात पार्षद पपू देवी ने कहा कि मैं 60 साल की बुजुर्ग महिला हूं, फिर भी जनता का विश्वास लेकर जीतकर आई हूं। ऐसे में वार्ड की समस्याओं को लेकर मेरी जिम्मेदारी है कि मैं जनता की आवाज बैठक में उठाऊं। उन्होंने वार्ड में आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता से उपलब्ध करवाने की मांग रखी।

वार्ड नंबर 31 के पार्षद हरीश कुमार ने सडक निर्माण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके वार्ड में पिछले करीब 20 वर्षो से कोई सडक नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सडक निर्माण नहीं होने के कारण वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने नगर परिषद से जल्द सडक निर्माण करवाने की मांग की।

वार्ड नंबर 14 के पार्षद मनीष कुमावत ने सीवरेज, पानी और बिजली से संबंधित समस्याओं को बैठक में उठाया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों को इन मूलभूत सुविधाओं से जुडी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर इनका जल्द समाधान किया जाना चाहिए। वार्ड नंबर 32 की पार्षद शोभा सुन्देशा ने बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था से जुडी समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि वार्ड में नियमित रूप से समय पर सफाई होनी चाहिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने और कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग की मांग की।

बैठक में पार्षदों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर सभापति बंशीलाल माली ने कहा कि शहर की तमाम समस्याओं को लेकर कर्मचारियों की बैठक ली गई है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई, रोड लाइट, सडक, सीवरेज, नाली सहित जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा।

सभापति ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य शहर के सभी वार्डो में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से हल करवाया जाएगा।

नगर परिषद बोर्ड की पहली बैठक में जिस तरह पार्षदों ने अलग-अलग वार्डो की समस्याएं उठाईं, उससे शहर में सड़क, सफाई, सीवरेज, रोड लाइट, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति एक बार फिर चर्चा में आ गई। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि बैठक में उठाए गए इन मुद्दों पर नगर परिषद कितनी तेजी से अमल करती है और शहरवासियों को धरातल पर कितनी राहत मिलती है।

इससे पूर्व सभापति गबंशीलाल सोलंकी, उप सभापति मुमताज अली सैय्यद, जयसिंह , दिनेश महावर सहित सभी पार्षदो को फूल मालाओं व साफा पहनाकर स्वागत किया

बैठक मे आयूक्त शिवपाल सिंह, सभापति बंशीलाल , उपसभापति मुमताज अली सैय्यद सहित परिषद के कर्मचार उपस्थित थे।

महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप

जोधपुर, (कासं)। शहर में चल रहे एक ब्यूटी पार्लर संचालक पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि ब्यूटी पार्लर में आने वाली महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाए जाते हैं। एक पीड़िता की तरफ से चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में इसकी रिपोर्ट दी गई है। बताया गया कि ब्यूटी पार्लर जो भी महिलाएं जाती है तो उसमें काम करने वाली एक महिला आकर्षक ऑफर देती है और बोलती है कि कम पैसों में आपका बॉडी मसाज, बॉडी वैक्स और ब्लीच हो जाएगा और उन्हें अपने चंगुल में फंसा लेती हैं। बाद में जब वह महिलाओं की बॉडी मसाज करती है तो फोन के कैमरे की मदद से अन्य व्यक्ति द्वारा फोटोस और वीडियो बनाए जाते हैं। स्कीम से प्रभावित एक पीड़िता ने यह सब करते देख लिया, पता लगा कि उसका वीडियो बनाया जा रहा है। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अब देवेंद्र उर्फ देवाराम के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच आरंभ की है। आरोपी के पास से कई आपत्तिजनक वीडियो बरामद होने की संभावना है। इसमें बड़े रैकेट के खुलने के भी आसार है।

कोचिंग के नाम पर की ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर के एक युवक से अमेरिकी एग्जाम सीएफए की कोचिंग के लिए शातिर ने फ्रॉड कर 1.37 लाख की धोखाधड़ी की। पीड़ित ने एक नामजद युवक के खिलाफ प्रतानगर सदर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

प्रतापनगर सदर पुलिस के अनुसार मंडप रेस्टारेंट के पास नवीं चौपासनी रोड निवासी विशाल पुत्र गजेंद्रराज की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

पाली में कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक पर लगे हराने के आरोप

- पाली में पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड व राजबाला हिंगड़ गुट ने प्रेस कांफ्रेंस की

पाली, (नि.सं.)। पाली में पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड और राजबाला हिंगड़ गुट की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें उनके गुट के 29 पार्षद मौजूद थे।

हिंगड़ ने कहा हम पहले भी 29 से आज भी 29 है, विधायक भीमराज भाटी, और जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने पहले टिकट भेजें , फिर सिंबल बेचा और अंत में पार्षद भी बेच दिए तथा कांग्रेस का बोर्ड बनते बनते रह गया। जयपुर से सिंबल आया अपने भाई लक्ष्मी नारायण को जमा करने भेजा, लक्ष्मी नारायण कौन है स्वयं विधायक या जिला अध्यक्ष जाते। उन्होंने बीच में ही खाली सिंबल टाइम होने के बाद भी लेकर घूमते रहे, जबकि जयपुर से राजबाला का नाम था। हम पर गलत आरोप लगाते हैं कि हमने पार्षदों का हाईजैक किया, हमारी मीटिंग में भी विधायक आए थे, कहा मैं निर्दलीय जीता आप सभी निर्दलीय राजबाला को वोट देकर जीता कर लाओ, इसकी रिकॉर्डिंग मेरे पास है। पाली आकर किस तरह उन्होंने सुमित्रा जैन को टिकट दिया जबकि उसके पास बहुमत नहीं था। पार्षद रमेश चावला, कमल अग्रवाल, बाबू भाई सभी ने कहा विधायक ने यह बात कहा। हम अपनी मर्जी से उनके कैंप में गए थे। हकीम भाई ने कहा इनको हमें बर्दाश्त करने का अधिकार नहीं है प्रदेश कमेटी निर्णय ले सकती है।

महबूब टि उपमहापौर ने कहा मेरे पास जिला अध्यक्ष के 10 फोन आए कि काग्रेस से फॉर्म भरो, मैंने निर्दलीय भरा और निर्दलीय जीता हूं। हमको हमारी पार्टी के लोगों ने हरा कर नगर निगम का बोर्ड छीना है। अब हम आगे जयपुर और दिल्ली तक जाएंगे और उनसे बात करेंगे की पंचायत चुनाव में भी इनके हाथ में रहा तो यह टिकट बेचकर काग्रेस का कबाड़ा करेंगे। इसलिए इन सभी को हटाए।

इस दौरान प्रदीप हिंगड़ गुट के 29 पार्षद मौजूद थे।

नगर परिषद की बैठक की नहीं दी मीडिया को सूचना

जालोर, (कासं)। जालोर नगरपरिषद की प्रथम बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। प्रथम बैठक नगरपरिषद के आयुक्त शिवपालसिंह द्वारा बुलाई गई। प्रथम बैठक में नवनिर्वाचित सभापति, उपसभापति व पार्षदगणो का स्वागत किया गया। लेकिन प्रथम बैठक में मीडिया कर्मियो को सूचना नही दी गई। मीडिया कर्मी अपने स्तर पर सूचना प्राप्त कर बैठक में कवरेज के लिए शामिल हुए।

निकाय चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सभापति, उपसभापति व पार्षदो का स्वागत कार्यक्रम को लेकर प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। नगरपरिषद की बैठक के कवरेज के लिए हमेशा मीडिया कर्मियो को सूचना दी जाती है ताकि मीडियाकर्मी द्वारा बैठक मे उपस्थित होकर पार्षदो द्वारा वार्डो की समस्या सदन में रखने को लेकर खबर प्रकाशित कर सके। लेकिन नगरपरिषद के आयुक्त शिवपालसिंह द्वारा इस बार मीडियाकर्मियो से दूर बनाने के उदेश्य से बैठक की सूचना देना उचित नही समझा।

वहीं बैठक की सूचना मीडिया कर्मिया को अन्य स्त्रोत से मिलने के बाद वे बैठक में पहुंचे तथा बैठक का कवरेज किया। ऐसे में बैठक में पार्षदो द्वारा शहर की विभिन्न समस्या से नगरपरिषद को अवगत करवाया जाता है, जिससे आमजन को मालूम पड सके की कौन पार्षद सदन मे अपने वार्ड की समस्या प्रमुखता से उठा रहा है। वही आज मीडिया कर्मी अपने स्तर पर बैठक में पहुंचकर हंगामेदार बैठक का कवरेज जरुर किया, लेकिन नगरपरिषद द्वारा मीडिया कर्मियो को बैठक की सूचना नही देना चर्चा का विषय बना रहा। वही बैठक की सूचना नही देने को लेकर नगरपरिषद आयुक्त शिवपालसिंह से बात करनी चाही तो फोन रिसीव नही किया।

नगरपरिषद के सभापति बंशीलाल माली ने कहा कि मीडियाकर्मियो को बैठक की सूचना नही दी है तो गलत है, बैठक की सूचना मीडिया कर्मियो को देनी चाहिए। इसके लिए आयुक्त को अवगत करवाया जायेगा, ताकि भविष्य में मीडियाकर्मियों को बैठक की सूचना दी जा सके।

डॉ. कविता व्यास को पी.एच.डी. की उपाधि

फलोदी, (निस)। फलोदी जिले के लिए गौरव की एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि सामने आई है। पूजा शांति लाल व्यास की पुत्री डॉ. कविता व्यास ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के वाणिज्य संकाय के व्यावसायिक वित्त एवं अर्थशास्त्र विभाग से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. कविता व्यास इससे पूर्व विभिन्न शैक्षणिक डिग्रियों में तीन बार विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं।

डॉ. कविता व्यास ने प्रो. डॉ. नवनीता सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय एवं ग्रामीण विकास के परिप्रेक्ष्य में आधारभूत संरचना की भूमिका - एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (फलोदी, राजस्थान के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध इसलिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि फलोदी जिले की आधारभूत संरचना को केंद्र में रखकर किया गया यह प्रथम शोध अध्ययन है।

जोधपुर में वार्ड 62 के पार्षद संजय ने निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। वार्ड संख्या 62 के नवनिर्वाचित पार्षद संजय दईया ने राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, खाण्डा फलसा का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ ने पार्षद दईया का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

चिकित्सालय के प्रधान चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार मित्तल के नेतृत्व में चिकित्सक, नर्सिंग एवं परिचारक संवर्ग के कर्मचारियों ने पार्षद का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान दईया ने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर चिकित्सक संवर्ग से डॉ. प्रेमसुख वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, डॉ. नवनीत दाधीच, डॉ. गायत्री, डॉ. रेखा एवं डॉ. रोजी, नर्सिंग संवर्ग से मदन लाल चौहान नर्सिंग अधीक्षक, सलीम सुल्तान, सुनील कुमार गौड़, इंदु जोशी, संतोष बोहरा, शशिकला, सुनंदा राइका, तृप्ति परिहार, मंजू देवी एवं मोनिका दाधीच तथा परिचारक संवर्ग से पार्वती देवी, दुर्गा देवी, विक्रम एवं पूजा उपस्थित रहे।

पार्षद संजय दईया ने चिकित्सालय में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अस्पताल में नई ओपीडी, चिकित्सकों के लिए कक्ष तथा अन्य आवश्यक उपकरण एवं सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य किए जा रहे हैं।

इन विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। बताया गया कि ये विकास कार्य शहर विधायक अतुल भंसाली के प्रयासों से करवाए जा रहे हैं।

दईया ने अस्पताल प्रशासन से मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा चिकित्सा सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने के निर्देश दिए।

चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर पार्षद दईया ने कहा कि वार्डवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

आरोपी को पकड़ने आई हरियाणा पुलिस पर हमला

- थार, फॉरच्यूनर सहित कई वाहनों में आए बदमाशों ने आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया
- मौका पाकर पुलिस थाने तक पहुंचने में कामयाब हो गई और हमलावर मौके से भाग गए

जोधपुर, (कासं)। जिले के ओसियां में साइबर क्राइम के आरोपी को पकड़ने पहुंची हरियाणा पुलिस की टीम पर हमला हो गया। ओसियां थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर यह घटना हुई।

पुलिस ने आरोपी को अपने वाहन में बैठा लिया था। तभी थार, फॉरच्यूनर सहित कई वाहनों में आए लोगों ने पुलिस वाहन को घेर लिया। लाठी और पत्थरों से हमला किया। शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। बदमाशों ने आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस जैसे-तैसे वाहन को थाने में ले गई। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। बदमाशों में शामिल चंद्रप्रकाश ने ड्राइवर साइड के शीशे पर लाठी से वार किया। फिर दूसरी तरफ जाकर बड़ा पत्थर उठाकर वाहन पर मारने लगा। पीछे मौजूद दो युवकों ने पुलिस वाहन का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। अंदर बैठे नरपतराम ने भी अंदर से दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन एसआई सुनील कुमार ने उसे रोक दिया। इसी दौरान मौका पाकर पुलिस थाने तक पहुंचने में कामयाब हो गई और हमलावर भाग गए। हरियाणा पुलिस ने मामले को लेकर ओसियां थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

बिस्मिल्लाह शाह का उर्स आज

पाली, (नि.सं.)। पाली मुस्लिम मुसाफिर खाना के पीछे शाहे विलायत हजरत बिस्मिल्लाह शाह बाबा का 162 वा सालाना उर्स मुबारक आज बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया जाएगा। दरगाह कमेटी के प्रवक्ता आरिफ अली रंगरेज ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को हज़रत बिस्मिल्लाह शाह बाबा का 162 वा उर्स मुबारक बड़ी अकीदत एहतराम व शानी शौकत से मनाया जाएगा।

राज्य स्तरीय स्कूल बॉक्सिंग में जालोर की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

जालोर, (कासं) । माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय स्कूल बॉक्सिंग खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 में जालोर जिले की बालिका मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक देवकीनंदन गोद स्मृति विद्या मंदिर संस्थान स्कूल, सनावड, अजमेर में किया गया। अंडर-17 बालिका वर्ग में खुशी शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा रानू शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर जालोर को गौरवान्वित किया।

मुक्केबाजी प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए इम्मानुएल मिशन स्कूल जालौर की खुशी शर्मा ने अंडर-17 बालिका 63-66 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। खुशी ने क्वार्टर फाइनल में वर्षा जाट, अजमेर, सेमीफाइनल में प्रियंका, सीकर तथा फाइनल मुकाबले में एंजेल कंवर, उदयपुर को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रकार सेंट राजेश्वर स्कूल की रानू शर्मा ने अंडर-17 बालिका 57-60 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में नंदिनी, ब्यावर तथा क्वार्टर फाइनल में परमजीत, श्रीगंगानगर को हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में लगन वर्मा, बीकानेर से हार के बाद रानू शर्मा को कांस्य पदक से संतोष करना पडा। प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि खुशी शर्मा राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पंच गौरव योजना-एक जिला, एक खेल के तहत जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, जालोर में नियमित रूप से बॉक्सिंग का अभ्यास करती हैं। खुशी शर्मा के स्वर्ण एवं रानू शर्मा के कांस्य पदक जीतने पर जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी भंवर लाल परमार, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र परमार, लहरी राम माली, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जबर सिंह देवडा, क्रीडा भारती अध्यक्ष नाथू सोलंकी, महासचिव भागीरथ गर्ग, मंगल सिंह, ओमप्रकाश गर्ग, कन्हैया लाल मिश्रा, अंबिका प्रसाद तिवारी, जयप्रकाश पणिया, अभिभावक सुरेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, विनीता वैष्णव, गणपत भाटी, कैलाश नाथ, लोकेश राणा एवं हितेश दवे सहित खेलप्रेमियों और अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों खिलाडियों को बधाई दी।

प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने कहा कि इन पदकों से जालौर के युवा मुक्केबाजों का उत्साह बढेगा और जिले में बॉक्सिंग को नई पहचान मिलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा आमन्त्रण सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है- ई- निविदा सूचना सं० 2026-27 : 152 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Samdari-Barmer Increasing Sleeper Density-128.104 T Km. अनुमानित लागत रूपये : 205106200.66 बयाने की राशि रूपये: 4102100.00 निविदा सूचना संख्या 152of2026-27 (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 30.10.2026 को 15:00 बजे तक है। वेबसाइट का विवरण जहॉ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है - www.ireps.gov.in
1445-DE/26
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

लक्ष्मी इण्डिया फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में लक्ष्मी इण्डिया फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जानते है)
सीआईएन: L65929RJ1996PLC073074 • रजि. ऑफिस: 2, डीएफएल गोपीनाथ मार्ग, एम.आई. रोड, जयपुर-302001
फोन: 0141-4031166, 4033635, वेबसाइट: www.lifc.co.in, ई-मेल: info@lifc.in
राजस्थान में शाखा बंद करने की सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ने राजस्थान राज्य में स्थित अपनी शाखा को बंद करने का निर्णय लिया है, विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	शाखा का नाम	समापन शाखा	संचालन मर्ज शाखा
1	बालोतरा	पुंगलिया भवन, इलाहाबाद बैंक के पास, बालोतरा, बाड़मेर, राजस्थान	राम सुख टावर, प्लॉट नंबर डी-45, दूसरी मंजिल, अखलिया विकास योजना, अखलिया सर्कल, जोधपुर, राज.

उपर्युक्त शाखा 09.01.2027 से बंद हो जाएगी। कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रक्रिया निर्बाध हो और हमारे ग्राहकों को कम से कम असुविधा हो।
किसी भी प्रश्न के लिए, आपसे अनुरोध है कि कृपया हमारे कस्टमर केयर नंबर 0141-4031166 या टोल फ्री नंबर: 1800-121-7747 पर संपर्क करें या info@lifc.in पर ई-मेल करें या www.lifc.co.in पर देखें।